हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 26 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

ईमानदारी से जिम्मेदारियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूर्ण करें 11



आढ़तियों को नहीं होगी कोई परेशानी: कर्मवीर 11



## ईसाई प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का आरोप

# महादेव कॉलोनीवासियों का धर्म परिवर्तन को लेकर जमकर हंगामा

### मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा मांगपत्र

**विरोध के बावजूद पुलिस ने दी सभा की अनुमति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महादेव कालोनी सिरटा रोड के निवासियों ने जाट धर्मशाला के पीछे एक खाली प्लाट में ईसाई प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रेरित करने के बड़े आरोप लगाए हैं। कालोनी के सैकड़ों लोगों ने शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम अपना ज्ञापन सौंपा। कालोनी वासियों का नेतृत्व वार्ड के पूर्व पार्षद सुरेंद्र पहलवान एवं आशा रानी ने किया। वार्ड के पूर्व पार्षद सुरेन्द्र पहलवान ने कहा कि कि यहां पिछले तीन रविवार से ईसाई धर्म अपना चुके लोगों द्वारा ईसाई प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। उस आयोजन में प्रशासन की पहले कोई अनुमति नहीं ली गई थी। पिछले रविवार को जब ईसाई प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन के लिए महिलाओं एवं बच्चों को प्रेरित किया जा रहा था तो कालोनी वासियों ने इस बात का खुलकर विरोध किया। इस संबंध में कालोनी वासियों ने 22 को पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी थी।



धर्म परिवर्तन के विरोध परिवर्तन भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी को ज्ञापन सौपते शहरवासी।

**सांप्रदायिक अशांति की आशंका**

मुख्यमंत्री के नाम भेजे ज्ञापन में बताया कि ईसाई प्रार्थना सभा में तेज ध्वनि वाले साउंड सिस्टम का प्रयोग होता है जिससे कॉलोनी वासियों, विशेषकर बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों की तबीयत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया जा रहा है कि इन ईसाई प्रार्थना सभा कार्यक्रमों के दौरान जब गली, मोहल्लों में महिलाएं घरों में अकेले होती हैं तो उन्हें प्रार्थना सभा कीर्तन में बुलाकर ईसाई धर्म अपनाने हेतु प्रेरित भी किया जा चुका है जिस बारे में प्रशासन को भी अवगत करवाया जा चुका है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार को इस पूरे मामले से अवगत करवाया गया है कि भविष्य में इस तरह के ईसाई प्रार्थना सभा के आयोजन से किसी प्रकार की धार्मिक या सांप्रदायिक अशांति की आशंका बनी हुई है।

**सांप्रदायिक अशांति की आशंका**

सभी कॉलोनी वासियों ने सरकार से निवेदन किया है कि इस प्रकार के आयोजित होने वाले ईसाई धार्मिक आयोजनों को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। ईसाई प्रार्थना सभा के कार्यक्रम आयोजकों के दस्तावेजों की जांच कर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए। यदि भविष्य में इस प्रकार के आयोजन होते हैं, तो उनसे धार्मिक सांप्रदायिक उन्माद या झगड़े बड़े स्तर पर होने की संभावना हैं इसलिए धार्मिक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**जल्द संज्ञान लिया जाएगा**

कालोनी वासियों ने सरकार पर विश्वास जताते कहा कि वह आश्वस्त है कि इस मामले में मुख्यमंत्री नायब सैनी अवश्य ही इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करेंगे ताकि क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था एवं सामाजिक समरसता बनी रहे। वहीं इस मामले में जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि कालोनी वासियों के ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा।

**एक माह से हर रविवार को आयोजन**

उसके बाद पता चला कि प्रशासन को जानकारी अवगत करवाने के बाद भी प्रशासन द्वारा उन्हें ऐसे आयोजन करने की अनुमति दे दी गई है। पूर्व पार्षद सुरेंद्र ने कहा कि पिछले एक महीने से हर रविवार को होने वाले इस आयोजन पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने के लिए समस्त कॉलोनी वासियों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से आग्रह किया था लेकिन कालोनी वासियों को सूचना प्राप्त हुई है कि उनके विरोध के बावजूद प्रशासन द्वारा ईसाई प्रार्थना सभा के लिए इनके आयोजकों को पूरी तरह परमिशन दे दी गई।

**तमाम कॉलोनीवासी परेशान**

जिससे अब कॉलोनी वासियों को भविष्य में अपने बच्चों के लिए भी धर्म परिवर्तन का डर सताने लगा है। पहले तो यह आयोजन बिना प्रशासनिक अनुमति के टैंट लगाकर किया जा रहा था लेकिन प्रशासन की अनुमति मिलने के बाद ईसाई प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन को बेधड़क करवाने की आशंका अब तमाम कॉलोनी वासियों को सता रही है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर वीटा प्लांट के पास ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है। जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

### फरल में कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**कैथल।** जिले में पूंडरी क्षेत्र के गांव फरल में कार की टक्कर से 39 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति गांव के मुख्य रास्ते पर जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर पहुंचा, तो एक कार ड्राइवर ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई।

### बाइक सवारों ने हमला कर राहगीर को किया घायल

**जींद।** गांव डूमरखां कलां निजी स्कूल के पास दो बाइकों पर सवार 4 युवकों ने व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूमरखां सुदकैन कलां निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत 21 देर शाम को गांव डूमरखां कलां से अपने घर जा रहा था।

### बैलों को गोकसी के लिए गाड़ी में चढ़ाया, केस दर्ज

**कैथल।** कलायत पुलिस में तीन बैलों को गोकसी के लिए एक गाड़ी में चढ़ाने के आरोप में दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 को दो व्यक्तियों ने सामान ले जाने के लिए उसकी गाडी बुक की थी। जैसे ही वह गाडी लेकर आया तो युवाओं ने सामान के बहाने उसकी गाडी में गोख्सी के लिए तीन बैल चढा दिए।

### चाकू से हमला कर घायल करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव खरल में युवक के साथ मारपीट करने तथा चाकू से हमला कर घायल करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव तारखां निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रिश्तेदारी में गांव खरल गया हुआ था। जहां पर उसकी गांव खरल निवासी उदित तथा अमन से कहासुनी हो गई।

### बिजली निगम के स्टोर से सामान चुराया, केस

**कैथल।** कस्बा कलायत से चोर बिजली निगम के स्टोर से हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। भाखड़ा जल सेवा के उपमंडल अधिकारी रविंद्र कुमार ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 अक्टूबर को रात को चोर सिरसा ब्रांच नहर कलायत में बने स्टोर से मोटर से तांबा की तार व 100 अंपायर सेल चुरा कर ले गए।

### विदेश भेजने का झांसा देकर बीस हजार हड़पे

**जींद।** विदेश भेजने का झांसा दे बीस हजार रुपये हड़पने तथा पासपोर्ट न लौटाने पर उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बधाना निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाने का इच्छुक था।

### दो महिलाएं घर से लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** अलग-अलग स्थान से दो महिलाएं बिना बताए घर से चली गई। पहले मामले में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी गांव बंदराना से बिना बताए घर से चली गई। दूसरे मामले में गांव सजुमा के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि 23 अक्टूबर को दोपहर करीब 11:00 बजे उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



डाहौला में पीडब्लूडी द्वारा बनाई सड़क पर खड़ा कालोनी से निकासी का गंदा पानी।

# डाहौला गांव में उखाड़ी सड़क, लोग घरों में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव डाहौला में पीडब्लूडी विभाग द्वारा करीब चार-पांच दिन पूर्व उखाड़ी सड़क एक दलदल का रूप ले चुकी है। जिसके चलते सड़क के साथ लगती कालोनी के लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। जिसके कारण कालोनी के लोगों में जिला प्रशासन के प्रति रोष है। डाहौला निवासी कृष्ण, दर्शन, प्रेम, संदीप, राजेश, शिवकुमार आदि ने बताया कि पीडब्लूडी द्वारा गांव के जलघर से लेकर शामदों रोड़ तक सड़क का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने करीब चार से पांच दिनों से सड़क उखाड़ कर अधूरी छोड़ दी है।

जिसके कारण कालोनी का समस्त गंदा पानी नालों के अभाव के चलते सड़क पर पहुंचकर एक दलदल का रूप ले चुका है। लोगों को पांच दिनों से घरों से निकलना भी दुबर हो गया है। यह अधूरी सड़क वाहन चालकों व कालोनी के लोगों के लिए आफ त बनी हुई है। अधूरी छोड़ी सड़क पर गंदा पानी खड़ा होने के कारण लोगों को दुपहिया वाहनों के साथ गुजरना तो दूर की बात पैदल चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में जाने का मुख्य रास्ता होने के कारण स्कूली अध्यापकों के अलावा बच्चों तथा बाहर से आने वाले लोगों को अपने स्थान तक पहुंचने के लिए गांव के दूसरे छोर से गुजरना पड़ रहा है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी बनी हुई है।

**जल्द बनेगी सड़क**

पीडब्ल्यूडी के जेई बिट्टू ने बताया कि दीवाली पर लेबर की छुटटी आदि होने के कारण थोड़ा समय लगा है। जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए एसडीओ के साथ स्वयं जाकर गांव का दौरा किया है। सड़क के साथ नाले बनाना विभाग की ड्राइंग में नहीं है। अगर पंचायत नाले बनाए तो गांव के लोगों की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा।

# युवक को फ्री फायर खेलना पड़ा मंहगा, खाते से 2.71 लाख गायब

**साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव डिंडोली के युवक को फ्री फायर खेलना महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने युवक के पिता के खाते से दो लाख 71 हजार रुपये उड़ा लिए। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव डिंडोली निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार की तलाश में है। उसने मोबाइल फोन पर फ्री फायर गेम लोड किया हुआ है। वह फ्री फायर खेलता है। गत तीन सितंबर फायर फ्री गेम खेलते समय उस कमाने का आफर मिला। जिसमें उसे फायदा दिखाया गया। झांसें में आकर उसने सामने वाली पार्टी के साथ रुपये लगा कर फ्री फायर गेम खेलना शुरू कर दिया। उसके गेम खेलने का सिलसिला 21 अक्टूबर तक जारी रहा। राशि रिर्टन करने की बजाय उस पर गेम खेलने का दबाव बनाया जाने लगा। जब तक उसे ठगी का अहसास होता तब तक उसके पिता के खाते से दो लाख 71 हजार 368 रुपये गायब हो चुके थे। साइबर थाना पुलिस ने सुनील की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**मामला दर्ज**

साइबर थाना के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि फ्री फायर खेलने के दौरान झांसा देकर धोखाधड़ी की गई है। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने लोगो से अपील की कि वे साइबर ठगों के झांसे में न आएं। जागरूक रहना ही बचाव है।

# सीवन नगर में बाईपास निर्माण की उठी मांग

- मुख्य बाजार में जाम के कारण आमजन का जीना दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

नगर का मुख्य बाजार कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग पर स्थित है, जो पूरे क्षेत्र का सबसे व्यस्त इलाका माना जाता है। इस मार्ग के दोनों ओर दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बने हैं। यही मार्ग कैथल–पटियाला स्टेट हाईवे होने के कारण यहां दिनभर भारी यातायात बना रहता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि नगर में कोई बाईपास या वैकल्पिक मार्ग नहीं है, जिसके चलते ट्रक, बसें और अन्य भारी वाहन भी नगर के बीचों बीच होकर ही गुजरते हैं। इससे मुख्य बाजार में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जाम की समस्या अब लोगों के लिए रोजमर्रा की परेशानी बन चुकी है। अधिवक्ता गौरव वधवा, राजेश रहेजा, जरनैल सिंह, नरेश मित्तल, संगीत बंसल, राजकुमार वधवा, अभिषेक मेहता, महावीर मंगला, विकी ग्रोवर, इंद्रजीत मदान ने बताया कि नगर का मुख्य मार्ग सरकारी व प्रशासनिक दफ्तरों से घिरा हुआ है। इसी मार्ग पर सरकारी स्कूल, खंड कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय, बैंक, बिजली घर, थाना व अन्य कई विभागीय कार्यालय स्थित हैं। इन दफ्तरों में आने-जाने वाले लोगों को वाहन पार्किंग की जगह न मिलने के कारण अपने वाहन सड़क पर ही खड़े करने पड़ते हैं, जिससे सड़क और भी संकरी हो जाती है।



**सीवन।** सीवन में मेनरोड पर लगा जाम। *फोटो : हरिभूमि*

**भारी वाहन प्रवेश न करें**

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि सिविल नगर में जल्द से जल्द एक बाईपास मार्ग का निर्माण करवाया जाए, ताकि भारी वाहन नगर में प्रवेश न करें और सीधे बाहर से ही निकल जाएं। इससे नगर में जाम की समस्या से राहत मिलेगी और बाजार में आवाजाही सुचारू रूप से हो सकेगी। लोगों का कहना है कि यदि इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह स्थिति और भी विकराल रूप ले सकती है।

# दो की डेंगू पॉजिटिव मिली रिपोर्ट, आंकड़ा 54 पहुंचा

**तीन मामले चिकनगुनिया के विभाग को भी मिल चुके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग को शनिवार को जिले में डेंगू की दो पॉजिटिव रिपोर्ट मिली है। जिसके चलते जिला में डेंगू मरीजों की संख्या 54 हो गई है। वहीं अबतक स्वास्थ्य विभाग को तीन मामले मलेरिया के और तीन ही मामले चिकनगुनिया के भी मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग को जो रिपोर्ट मिली है उसमें गांव भौंगरा निवासी 62 वर्षीय व्यक्ति व सिंघाना निवासी 31 वर्षीय व्यक्ति शामिल है। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने आसपास क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। स्वास्थ्य विभाग की टीमें फील्ड में हैं और टीमों द्वारा बीमार लोगों के खून के सैंपल लिए जा रहे हैं और इनकी जांच करवाई जा रही है। जिनकी रिपोर्ट पाजिटिव आ रही है, उनके आस-पास रहने वाले लोगों के खून के सैंपल लिए जा रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि विभाग का प्रयास है कि डेंगू का डंक तोड़ा जाए। इसके लिए विभाग लगातार काम कर रहा है। जिस एरिया में डेंगू का मरीज मिल रहा है, वहां पर सर्वे करवाया जा रहा है।

# 20 साल या उससे अधिक पुराने मकानों को वैध करने का अवसर

**जिले से सात केस सरकार को मंजूरी के लिए भेजे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि गांवों की शामलात भूमि पर बने पुराने अवैध मकानों को वैध रूप से नियमित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है। यह प्रक्रिया केवल उन ग्रामीण निवासियों पर लागू होगी, जिसमें कम क्षेत्रफल की जोहड़ की जमीन एवं ऐसी भूमि जिससे रास्ते में रुकावट हो उसे छोड़कर जिन्होंने 500 वर्ग गज या शामलात देह की गैर कृषि भूमि पर 31 मार्च 2004 से पहले मकान बना लिया था। एडीसी विवेक आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित व्यक्ति को ग्राम पंचायत को आवेदन देना होगा। जिसमें यह स्पष्ट करना होगा कि मकान 31 मार्च 2004 से पहले बनाया गया है। इसके साथ जमाबंदी, खसरा गिरदावरी, साइट प्लान, मकान के फोटोग्राफ एवं कब्जा साबित करने वाले दस्तावेज संलग्न करने होंगे। साथ ही पंचायत द्वारा भूमि उपयोग योजना भी तैयार की जाएगी। ग्राम सचिव इस प्रस्ताव को आवश्यक दस्तावेजों सहित बीडीपीओ को भेजेगा। बीडीपीओ निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर प्रस्ताव को डीसी के पास भेजेगा।

**आमजन से अपील**

उन्होंने आमजन से अपील की है कि जिनका कब्जा शामलात भूमि पर है वे अपने कब्जे संबंधी दस्तावेजों सहित समस्त आवश्यक प्रमाण शीघ्र अति शीघ्र खंड विकास कार्यालय में जमा करवाएं ताकि समय पर नियमन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जोहड़ के रास्ते की भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा वैध नहीं किया जाएगा।

### 61.390 किलो ग्राम डोडा पोस्त बरामदगी मामले में दूसरा सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** युवा वर्ग को नशे की लत से बचाने के लिए एसपी उपासना के आदेशानुसार नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचते हुए 61 किलो 390 ग्राम डोडा पोस्त पोस्त सप्लाई मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में एसआई नरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव सालवन जिला करनाल निवासी बबली को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 अगस्त की रात्रि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम द्वारा गांव हरिगढ किंगन निवासी जयभगवान उर्फ जैबा को उसके मकान पर दबिश देकर गली में से एक गाड़ी सहित काबू किया गया था। जिसके कब्जे में गाड़ी में रखे 3 प्लास्टिक कट्टो से 61 किलो 390 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ था। आरोपी के खिलाफ थाना चीका में मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई एएसआई नरेंद्र सिंह द्वारा अमल में लाई गई। आरोपी जय भगवान का व्यापक पूछताछ के लिए 5 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया था।



**कैथल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### आज छठी मैया को प्रसाद का भोग लगा 36 घंटे निर्जला व्रत रखेंगे श्रद्धालु

# नहाय और खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत

**जींद में पूर्वांचल के लगभग सात हजार लोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नहाय व खाय से करने के साथ शनिवार को छठ पूजा की शुरुआत हो गई। जिले में पूर्वांचल के लगभग सात हजार लोग रह रहे हैं। जो छठ पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाते हैं। खरना के दिन छठी मैया को प्रसाद का भोग लगाने के बाद 36 घंटे के कठोर निर्जला व्रत की शुरुआत करेंगे। गुड़ के मीठे चावल, सुहारी का प्रसाद बनाया गया। छठी मैया को भोग लगाने के बाद ही श्रद्धालुओं ने प्रसाद का भोग लगाया। निर्जला व्रत का समापन उगते हुए सूर्य को अघ्र्य देने के बाद होता है। जो इस बार 28 अक्टूबर को रहेगा। इस दिन महिलाएं नदी में खड़े होकर उगते हुए सूर्य को अघ्र्य देंगी हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार छठ व्रत को करने से व्यक्ति को सुख व सौभाग्य का वरदान प्राप्त होता है। पूरे साल छठी मैया की कृपा बरसती रहती है। पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी छठ महापर्व को धूमधाम से मनाया जाएगा। छठ पूजा को महापर्व की भांति हर्षोल्लास से मनाया जाता है। महापर्व की तैयारियां पहले से की पूरी कर ली गई हैं। रविवार को खरना छठ पूजा का दूसरा दिन है। इसका धार्मिक, सांस्कृतिक रूप से बहुत महत्व है। खरना के दिन छठी मैया उपासना की जाती है। यह व्रत शारीरिक, मानसिक शुद्धि के लिए किया जाता है। खरना के दिन बनाए प्रसाद को देवताओं को अर्पित करने के बाद ही ग्रहण किया जाता है।



**आज खरना करेंगी पूर्वांचल के लोग**

*इस व्रत का दूसरा पडाव खरना कहलाता है। 26 अक्टूबर को इस दिन लोग संझवत की परंपरा को निभाते हुए जल स्थान पर जाकर स्नान, ध्यान करने के बाद दीपक जलाएंगे। इसके बाद छठ पूजा के दिन संध्याकालीन अघ्र्य दिया जाएगा। 27 अक्टूबर यानि छठ पूजा के तीसरे दिन सोमवार को भगवान सूर्य को संध्याकालीन अघ्र्य दिया जाएगा और 28 अक्टूबर को छठ पूजा के आखिरी दिन उगते हुए सूर्य देवता को प्रातःकालीन अघ्र्य देकर साधक अपने व्रत को पूर्ण करते हैं।*

# आधुनिकता की चकाचौंध में खो रहा कार्तिक माह का महत्व

**कन्याओं के गीत आधुनिकता की चमक दमक में खोकर रह गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

कार्तिक माह कल समापन हो रहा है। परंतु आधुनिकता में दबा उत्साह व कार्तिक माह के गीतों की गूंज कार्तिक माह का महत्व जरा भी दिखाई नहीं दिया। कार्तिक माह की शुरूआत दशहरा पर्व से पांच दिन बाद आने वाली पूर्णिमा से होती है। बीते जमाने में इस महीने में सुबह होने से पहले ही कन्याओं के साथ बुजुर्ग महिलाएं व नवविवाहित महिलाएं भी सामूहिक रूप से नगर व गांवों के तालाब, नहरों इत्यादि में स्नान करती थी। परम्परा के मुताबिक कार्तिक स्नान करने वाली कन्याएं तालाब के किनारे मिट्टी की पथवारी बनाती थी व इसकी सिंचाई कर जो उगा लेती थी तथा सभी एकत्रित होकर इसकी पूजा अर्चना कर परम्परागत गीत गाती थी। परंतु अब नगर व गांवों में तालाबों व मंदिरों में पथवारी के चारों ओर बैठकर कार्तिक माह में गूंजने वाले कन्याओं के गीत आधुनिकता की चमक दमक में खोकर रह गए हैं। हिन्दुओं में कार्तिक माह का बहुत ही बड़ा महत्व है लेकिन अब पश्चिम सभ्यता की मार से कार्तिक माह भी महत्वहीन होकर रह गया है।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण धर्मशाला में होगा हवन, भजन कार्यक्रम आज

**उचाना।** बस स्टैंड के पास स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में 26 अक्टूबर को सुबह मासिक हवन एवं भजन कार्यक्रम होगा। शिक्षाविद माण रामप्रसाद ने बताया कि बीते कुछ महीनों से महीने के अंतिम रविवार को हवन एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। मुख्य यजमान के रूप में ब्राह्मण चौबीसी प्रधान अनिल शर्मा पहुंचेंगे।

### दिव्यांग छात्रवृति योजना के लिए आवेदन 31 तक

**जींद।** दिव्यांग छात्रों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग केंद्र सरकार द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक, प्री मैट्रिक व टॉप क्लास एजुकेशन स्कॉलरशिप योजना चलाई जा रही हैं। जिसके तहत दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है। एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि योजना लाभ प्राप्त करने के लिए छात्रों को पोर्टल स्कॉलरशिप डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन करना होगा।

### स्कूल के निकली दो छात्राएं संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव डूमरखां कलां में घर से स्कूल के लिए निकली दो छात्राओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डूमरखां कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 वर्षीय बेटी गांव के स्कूल में ग्यारहवीं की छात्रा है। गत दिवस उसकी बेटी पढ़ने वाली सहपाठी के साथ घर से स्कूल के लिए निकली थी।

### मेंहदी रचाओ व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**जींद।** पेगां गांव के सीआर पब्लिक स्कूल में मेंहदी रचाओ व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य बलिंद्र नरवाल ने की तथा मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधक राजबीर बिढान व मनफूल ढांडा ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में 10 वीं कक्षा से परमीत, अंशुल ने प्रथम, जबकि 11वीं कक्षा से नीशु तथा खुशबू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रतिनिधिमंडल रवाना

**जींद।** करनाल में शनिवार से शुरू हो रहे सीटू हरियाणा के 15वें त्रिवार्षिक राज्य सम्मेलन के लिए जींद जिला से 22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सीटू के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र की अगुवाई में करनाल के लिए रवाना हुआ। इस त्रिवार्षिक सम्मेलन में आगामी तीन सालों के लिए नई राज्य कमेटी का चुनाव किया जाएगा और आंदोलनों की रूपरेखा बनाई जाएगी।

### अहिरका के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**जींद।** आर्य वमावि अहिरका द्वारा आयोजित शैक्षिक भ्रमण मनाली, रोहतांग पास, अटल टनल एवं सिसु वैली अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने भ्रमण में पर्वतीय सौंदर्य, हिमाच्छादित क्षेत्रों एवं हिमालयी वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। अटल टनल, जो विश्व की सबसे ऊंची एवं आधुनिक तकनीक से निर्मित सुरंगों में से एक है का अवलोकन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा।

### श्री श्याम वंदना महोत्सव 29 को

**जींद।** श्री श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम प्रचार महिला समिति जींद द्वारा 29 को तीसरा भव्य श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन सेठों वाली धर्मशाला घंटाघर चौक जींद में किया जा रहा है। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा व नप जींद की चेयरपर्सन अनुराधा सैनी, डा. पूजा बंसल और किन्नर समाज से सीमा महंत मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### जमीन विवाद में पिता से मारपीट, तीन पर केस

**जींद।** दबलैन में जमीन को लेकर कहासुनी के चलते बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने बेटे समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दबलैन निवासी चांदी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटे संदीप के साथ जमीन को लेकर कहासुनी हो गई।

---

### डीइओ ने किया आरोही मॉडल स्कूल का निरीक्षण

# ईमानदारी से जिम्मेदारियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूर्ण करें

### बालिकाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की

**बंधित रिकॉर्ड का गंभीरता के साथ निरीक्षण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्योंग में जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित रिकॉर्ड का गंभीरता के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शाखा, एस एम सी रजिस्टर, दैनिक रजिस्टर, कैश बुक, बुनियाद केंद्र, पीटीएम रजिस्टर, प्रार्थना सभा रजिस्ट्रेशन, मूवमेंट रजिस्टर शिकायत पेटिका, विद्यार्थी उपस्थिति रजिस्टर, अध्यापक डायरी के साथ साथ सभी प्रयोगशालाओं की क्रियाशीलता एवं उपयोगिता को जांचा। निरीक्षण के दौरान बुनियाद केंद्र, अटल टिंकरिंग लैब, पुस्तकालय, डिजिटल लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर लैब्स की उपयोगिता एवं गतिविधियो का भी निरीक्षण किया।



जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश आरोही मॉडल स्कूल ग्योंग का निरीक्षण करते।

**रिकॉर्ड अभिलेखन को दुरुस्त किया जाए**

जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने विद्यालय प्रधानाचार्य को आदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की रेगुलर हाजिरी को सुनिश्चित किया जाए जो विद्यार्थी लगातार कई दिन विद्यालय नहीं आ पा रहे उनके अभिभावकों से संपर्क करके कारण जानने की कोशिश की जाए। उन्होंने कहा की प्रार्थना सभा में आज का विचार सामान्य ज्ञान आज का विषय प्रतिदिन के समाचार पत्र इत्यादि गतिविधि सुचारू रूप से करवाई जाए। उन्होंने प्रधानाचार्य को कहा कि विद्यालय के रिकॉर्ड अभिलेखन को दुरुस्त किया जाए।

इस दौरान विद्यालय में बालिकाओं के लिए स्थापित बालिका छात्रावास का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों को मिलने वाले खाने की गुणवता एवं बालिकाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रावास में रह रही बालिकाओं के दैनिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने अध्यापकों को भी निर्देश देते कहा कि सभी अध्यापक अपना कार्य इमानदारी से करें तथा विद्यालय से सम्बन्धित अपनी अपनी जिम्मेवारियों को कर्तव्य निष्ठा के साथ पूर्ण करें।

**ये मिली खामियां**

औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में डायरी डिस्पैच रजिस्टर मेंटेन नहीं था। सुझाव और शिकायत पेटी मौके पर नहीं लगाई गई थी। विद्यालय में करियर काउंसलिंग चार्ट नहीं लगा हुआ था। विद्यार्थियों की अनुपस्थिति रजिस्टर मेंटेन नहीं था। तंबाकू फ्री क्षेत्र का पोस्टर विद्यालय परिसर में नहीं मिला। फिजिक्स और अटल टिंकरिंग लैब को भी दुरुस्त करने के आदेश दिए। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अधीक्षक सुरेश कौशिक व एपीसी कुशल कुमार मौजूद रहे।

**प्लान बना अध्ययन करवाए**

अध्यापकों से बातचीत करते उनके विषय की अध्यापन शैली को भी जाना कि वो किस प्रकार से विद्यार्थियों के साथ अपने विषय को लेकर जाते हैं। उन्होंने सभी अध्यापकों को संबोधित करते कहा कि कक्षा नवमी और ग्यारहवीं में थोड़ा सा जोर लगाने से हमारे कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणाम बेहतर होंगे इसलिए कक्षा 9वी और 11वीं में विशेष प्लान बनाकर विषय अध्ययन करवाया जाना चाहिए।

---

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सेजल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा द्वारा गत वीरवार को बाल भवन, कैथल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लगभग 350 प्रतिभागियों ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया। इसमें जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11वीं की छात्रा सेजल ने चतुर्थ श्रेणी (कक्षा 9वीं से 12वीं) की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्केचिंग ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता में द्वितीय श्रेणी (कक्षा 6वीं से 8वीं) में हेमन ने चौथा स्थान तथा चतुर्थ श्रेणी (कक्षा 11वीं से 12वीं) में हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



जाट वमावि की कक्षा 11वीं की छात्रा सेजल को सम्मानित करते पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

सभी विजेता विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। विजेताओं को 14 नवंबर (बाल दिवस) के अवसर पर प्रशासन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय की संस्कृतिक प्रभारी अध्यापिका मनीषा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल तथा कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने विजेताओं को प्रेरित करते आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सोसायटी के सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, दलवीर कैरो, महावीर राविश, राजपाल गुहना, सन्नी चौशाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोगल, कुलदीप सिंह, रजत रापड़िया, स्वतंत्र पाल सिंह और जसबीर मानस उपस्थित रहे।





**कैथल।** डीएसपी सुशील प्रकाश विद्यार्थियों को संबोधित करते। *फोटो :हरिभूमि*

### राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका पर संगोष्ठी

**कैथल।** पुलिस शहीदी स्मृति के उपलक्ष में डीएसपी सुशील प्रकाश व थाना महिला प्रबंधक एसआई वीना की टीम द्वारा एसबीएस इंटरनेशनल स्कूल सिसला में राष्ट्र निर्माण में पुलिस भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसके दौरान डीएसपी सुशील प्रकाश व एसआई वीना द्वारा कैथल के 5 अमर पुलिस शहीदों के जीवन की गौरव गाथा बारे विद्यार्थियों तथा स्टाफ को अवगत करवाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के मार्गदर्शन अंतर्गत आयोजित किए गये कार्यक्रम दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि पुलिस अफसर होना शान की बात है, पुलिस का कार्य कोई नौकरी नहीं है, अपितु एक सेवा है। पुलिस विभाग के कर्मचारी दिन-रात अपने परिवार की परवाह किए बगैर आमजन की सेवा के लिए चौक-चौराहों पर खड़े रहते है। देश में किसी भी आंतरिक दंगे, असामाजिक गतिविधियों के साथ राजनीतिक जलसा-जुलूसों में पुलिस हर समय मौजूद रहती है

### स्वामी सोमानंद सरस्वती ने दिए संस्कारों के सूत्र

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में चल रहे वैदिक संस्कार पुण्यमास कार्यक्रम के तहत आर्य जगत के प्रसिद्ध सन्यासी स्वामी सोमानंद सरस्वती ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उप सभा हरियाणा के तत्वावधान में तथा विद्यालय प्राचार्या साधना बख्शी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्या साधना बख्शी ने गायत्री पटका पहनाकर स्वामी सोमानंद सरस्वती का स्वागत किया। इसके पश्चात स्वामी सोमानंद सरस्वती ने अपने प्रवचन में बच्चों को संस्कार, सात्विक जीवन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। स्वामी जी ने कहा कि जैसा खाए अन्न, वैसा होए मन, यह कहावत हमें सिखाती है कि हमारा भोजन सात्विक और शुद्ध होना चाहिए, क्योंकि जैसा हमारा आहार होगा, वैसा ही हमारा विचार और व्यवहार भी बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता और गुरुजनों के प्रति आदर, सम्मान और आज्ञाकारिता का भाव रखने की प्रेरणा दी।

### ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके बताए

**कैथल।** अक्टूबर माह को "साइबर जागरूकता माह" के रूप में मनाते कैथल पुलिस द्वारा नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाने हेतु लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना साइबर क्राइम टीम से एएसआई प्रदीप कुमार व एचसी कृष्ण की टीम ने बस स्टैंड कैथल पर ऑटो चालकों व आमजन के बीच जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की टीम ने इस दौरान जानकारी दी कि साइबर अपराधी अब सोशल मीडिया, ऑनलाइन शॉपिंग, फर्जी कॉल, लोन एप्स व इन्वेस्टमेंट स्कीमों के नाम पर आमजन को ठगने के नए-नए तरीके अपनाते हैं। इसलिए किसी भी अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें और अपनी बैंकिंग या निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। पुलिस टीम ने कहा कि अगर किसी के साथ ऑनलाइन ठगी हो जाती है, तो घबराएं नहीं तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करके शिकायत दर्ज करें। शीघ्र शिकायत करने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।



एएसआई प्रदीप आटो चालकों को साइबर क्राइम से बचाव बारे जानकारी देते।



**कैथल।** प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट खिलाड़ियों से रूबरू होते।

### 1500 मीटर की रेस में आदित्य प्रथम

**कैथल।** आरकेएसडी स्कूल में आज 12वीं कक्षा की एथलैटिक मीट संपन्न हुई। इसमें कबड्डी, बाली-बाल, 1500 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई। कार्यक्रम का आरम्भ स्कूल बैंड की शानदार प्रस्तुति तथा मार्च पास्ट से हुआ। तत्पश्चात कबड्डी का खेल खेला गया जिसमें बारहवीं मेडिकल की टीम ने विजय प्राप्त की। बारहवीं आर्ट्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाली-बाल में बारहवीं साइंस की टीम विजयी रही। 1500 मीटर की रेस में आदित्य प्रथम स्थान पर तथा विकास द्वितीय स्थान पर रहे। 100 मीटर रेस में विकास प्रथम, कृष द्वितीय और देव तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने बताया कि सीबीएसई के दिशा निर्देशों का पालन करते और बच्चों की खेल प्रतिभा को उजागर करने का प्रयास करते हुए इस मीट का आयोजन किया गया है ताकि बच्चे शिक्षा के साथ- साथ खेलों में भी अपनी क्षमता व प्रतिभा दिखा सकें। उन्होंने बताया कि शिक्षा का मूल उद्देश्य बच्चों का शैक्षिक, मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक विकास है और स्कूल इस दिशा में सदैव प्रयासरत है।

### सतपाल की पौधरोपण की मुहिम लाई रंग

**उचाना।** निरंतर समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले किसान नेता सतपाल करसिंधु पौधरोपण करने के लिए लोगों को प्रेरित करते रहते है। उचाना के रजबाहा रोड पर स्थित अपने मकान के सामने डिवाइडर के बीच खाली जगह पर कुछ माह पहले फूलों सहित अन्य पौधे लगाए गए थे। आसपास के दुकानदारों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। अब दुकानदार भी अपनी-अपनी दुकानों के साथ डिवाइडर के बीच में जो मिट्टी है वहां पर फूलों सहित अन्य पौधे लगाने लगे है जिससे डिवाइडर हरा-भरा नजर आने लगा है। जो शुरूआत किसान नेता सतपाल करसिंधु ने की थी उसे प्रेरित होकर अन्य दुकानदार भी फूलों सहित अन्य पौधे लगाने के लिए आगे आ रहे है। दुकानदारों का कहना है कि जो डिवाइडर सड़क के बीचोंबीच बना है वो हरा.भरा नजर आने लगा है। सतपाल करसिंधु ने दुकानदारों के साथ-साथ आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि अपने मकानए खेतों, दुकान के आगे अगर जगह है तो जरूर पौधे लगाए। जो सड़क पर डिवाइडर बना है उसके बीच मिट्टी थी।



उचाना के रजबाहा रोड पर डिवाइडर के बीच लगाए गए फूलों सहित अन्य पौधे।



**उचाना।** जिलास्तरीय कलचरल फेस्टिवल में विजेता प्रतिभागी।

### एकल नृत्य में नियति ने मारी बाजी

**उचाना।** उचाना में जिला स्तरीय पर आयोजित हुई कलचरल फेस्टिवल प्रतियोगिता के 5वीं से 8वीं तक के ग्रुप में एक बार फिर जीएमएसपीएस डूमरखा की छात्राओं ने परचम लहराया है। प्रतियोगिता जींद के डिफेंस कालोनी स्थित राजकीय स्कूल में हुई। छात्रा नियति पुत्री जोगिंद्र ने एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। समूह नृत्य में टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की तैयारी में विद्यालय के जेबीटी शिक्षक बलजीत सिंह, मनोज कुमार, शिक्षिका सुदेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के मुखिया सतीश कुमारए प्राचार्या सुनीता शर्मा ने टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी व अग्रिम प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



**नरवाना।** खेल महोत्सव में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के साथ अतिथि गण।

### खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**नरवाना।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को धरोदी गांव में स्थित भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खो.खो एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआए जिसके पश्चात खिलाडियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी करते हुए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। युवाओं में खेल भावना और ऊर्जा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धरोदी गांव के सरपंच अमित ने शिरकत की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित ढाकल चेयरमैनए मार्केट कमेटीए खंड शिक्षा अधिकारी नरवाना राजेंद्र आजाद, प्राचार्य रविंद्र मित्तल और बलजीत गोयत ने खिलाडियों को प्रोत्साहित किया और विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन राजेश टांक द्वारा किया गया। आयोजन के सफल संचालन में संयोजक दल कुलदीप कमांडो, सुरेंद्र प्रजापत, सतीश धरोदी, सुरेंद्र हथो, अनिल नैन, धर्मबीर खरल, प्रवीण जिंदलए राजेश टांक, कपूर सिंह, करनैल कबड्डी कोच का विशेष योगदान रहा।

## जनता चाह रही सत्ता परिवर्तन : डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा और देश की मौजूदा स्थिति बेहद चिंताजनक है। प्रदेश अपराध, बेरोजगारी, नशाखोरी और भ्रष्टाचार में डूब चुका है। सरकारें सत्ता के नशे में इतनी अंधी हो चुकी हैं कि उन्हें जनता के दर्द का कोई अहसास ही नहीं है। गुप्ता शनिवार को जींद रोड़ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। गुप्ता ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद भगत सिंह और बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पार्पित करके और दीप प्रज्वलित करके हुई।



आप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते।

**ये रहे मौजूद**

डॉ. गुप्ता ने कहा कि हाल ही में एडीजीपी वाई. पूर्ण कुमार और एएसआई सुशील की आत्महत्या सरकार की सबसे बड़ी असफलता है। जब वर्दी में तैनात अधिकारी खुद को असुरक्षित और असहाय महसूस करें, तो यह सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा सबूत है। कहा कि इस प्रदेश में न तो किसान सुरक्षित है, न जवान, न ही मजदूर। हर वर्ग की आवाज को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश की जनता अब सत्ता परिवर्तन ही नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन चाहती है। लेकिन भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर बार जनता को जात-पात और धर्म की राजनीति में उलझाकर वोट हासिल कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि आज गांव के गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चे विदेशों में पलायन करने को मजबूर हैं। किसानों को अपनी फसलों के वाजिब दाम नहीं मिल रहे। जवान आत्महत्या कर रहे हैं और सरकार नशाखोरी पर रोक लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रवक्ता सुरेन्द्र अहलावत, जिला प्रभारी डॉ. रजनीश जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष रणबीर लोहान, प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ सतबीर गोयत, प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर चहल, पूर्व मंत्री नरेंद्र शर्मा, जगतार सिंह, मालविंदर सिंह, निरंजन गुर्जर, अमरेन्द्र, जसविंद्र खरका आदि उपस्थित रहे।





**अलेवा।** नगूरां पंचायत भवन में शिविर में भाग लेती दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पात्र महिलाएं।

### लाडो लक्ष्मी योजना के तहत लगा शिविर

**अलेवा।** नगूरां गांव के पंचायत भवन में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीपीएलओ मोनिका ने की। इस दौरान दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना में शामिल नामों का वैरिफिकेशन किया। जिसमें अधिकतर मामले आधार कार्ड के अपडेट न होना, बिजली बिलों के क्लीयर न होने तथा डोमीसाइल से संबंधित मामले देखने को मिले। पंचायत विभाग की सीपीएलओ मोनिका ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र लोगों के कागजातों के वैरिफिकेशन तथा अन्य मामलों को लेकर नगूरां पंचायत घर में शिविर लगाया है। जिसमें इस योजना से जुड़े लोगों के कागजातों को पूरी बारीकी से जांचा जा रहा है। जहां कागजातों में कमी मिलती है। उनको दुरुस्त करने के लिए बोला जा रहा है। इस योजना से जुड़े लोगों के कागजातों में काफी कमियां देखने को मिल रही है। जिसके कारण लोगों की आइडी अपडेट होने में दिक्कत आ रही है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्कर सुदेश, निर्मला, सुनिता, विद्या तथा आशा वर्कर जुगेश आदि उपस्थित थी।

### राज्य सूचना आयुक्त ने सफीदों व पिल्लूखेड़ा मंडियों का किया निरीक्षण

# आढ़तियों को नहीं होगी कोई परेशानी: कर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने शनिवार को सफीदों विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने सफीदों व पिल्लूखेड़ा अनाज मंडियों में पहुंचकर धान खरीद कार्य का औचक निरीक्षण किया और किसानों व आढ़तियों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान कर्मवीर सैनी ने मंडियों में सरकार द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा फसल खरीद कार्य को लेकर किए गए प्रबंध बेहद बेहतर और सुव्यवस्थित हैं। मंडियों में किसानों, आढ़तियों और मजदूरों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होए इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं प्रदेश की सभी मंडियों पर नजर रखे हुए हैं और संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। जिनके फलस्वरूप मंडियों में धान की खरीद प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू ढंग से चल रही है। हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि सफीदों क्षेत्र में स्थानीय विधायक भी स्वयं मंडियों में पहुंचकर खरीद कार्य की निगरानी कर रहे हैं ताकि किसी स्तर पर कोई लापरवाही न हो। सरकार की स्पष्ट प्राथमिकता है कि मंडियों में आने वाली किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाए और उन्हें समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इससे न केवल किसानों का मनोबल बढ़ेगा बल्कि प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।



**जींद।** फसल खरीद का जायजा लेते कर्मवीर सैनी। *फोटो :हरिभूमि*

**किसान आत्मनिर्भर और खुशहाल बनें**

कर्मवीर सैनी ने बताया कि मंडियों में फसल की तौल, भुगतान और उठान की प्रक्रिया पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हरियाणा का किसान आत्मनिर्भर और खुशहाल बने। वहीं राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी सफीदों नगर के नंदी गौ सेवा धाम में पहुंचे। जहां पर उन्होंने गऊओं को गुड़ खिला कर गौ सेवा का संदेश दिया। गौशाला प्रबंधन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर कर्मवीर सैनी का स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने जींद शहर की रानी तालाब के पास स्थित गुरुद्वारा में गुरु तेग बहादुर के प्रकटोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए सिख संगत को संबोधित किया। कहा कि गुरु जी को जो इतिहास रहा हैए वह देश भक्ति से प्रोत, सेवा, समर्पण एवं गरीबों की सुरक्षा का रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान उनके साथ राइस मिल्स एसोसिएशन सफीदों के प्रधान सुभाष जैन, आढ़ती एसोसिएशन सफीदों के प्रधान कृष्ण गोपाल, मार्केट कमेटी सफीदों के चेयरमैन चंद्र सैनी, उप चेयरमैन मदन गोयल, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि संजय अधलखा उर्फ बिट्टा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**नरवाना।** जागरूकता शिविर में भाग लेने वाले अभिभावक व शिक्षक।

### समावेशी शिक्षा पर जागरूकता शिविर

**नरवाना।** पीएम श्री राजकीय वमावि में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अभिभावकों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नरवाना ब्लॉक के सभी विद्यालयों के सामान्य शिक्षकों के लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के सौजन्य से दो दिवसीय समावेशी शिक्षा पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जिसमें सामान्य अध्यापकों, विद्यालय प्रबंधन समिति, आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं दिव्यांग बच्चों के माता-पिता ने ब्लॉक स्तरीय शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया।

**सूचना**

मैं, शीला देवी विधवा श्री नरसी सिंह निवासी गांव मोहना, तहसील पूण्डरी, जिला कैथल, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रवि कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



माता भ्रामरी शक्तिपीठ पुजारी श्याम लाल कौशिक से आशीर्वाद लेते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### माता भ्रामरी शक्तिपीठ से लिया आशीर्वाद

**उचाना।** देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी शक्तिपीठ के पुजारी श्याम लाल कौशिक से विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने आर्शीवाद लिया। राजेंद्रा कालोनी स्थित भाजपा नेता महेंद्र लोधर के निवास पर विधायक पहुंचे थे। विधायक ने कहा कि माता भ्रामरी की मान्यता प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में है। माता की पूजा.अर्चना करने देश के कौने.कौने से माता के भक्त आते है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि मंदिर पुजारी ने आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला है। हमारे आसपास ऐसे प्राचीन मंदिर का होना भी हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

### आढ़ती वेलफेयर एसो के प्रधान चुने गए सोनू

**जींद।** नई अनाज मंडी के आढ़तियों ने शनिवार को बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सोनू भारद्वाज बुआना को आढ़ती वेलफेयर एसोसिएशन का दोबारा से प्रधान चुना है। महाबीर जागलान की अध्यक्षता में मंडी की धर्मशाला में हुई इस बैठक में तमाम आढ़तियों ने सोनू भारद्वाज द्वारा अतीत में किए गए कार्यों पर सराहना की मोहर लगाते हुए एक मत से उनको दोबारा से यह जिम्मेदारी दे दी। इस दौरान राजा ढांडा को एसोसिएशन के संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर रमेश सांगवान, धर्मवीर खर्ब, राकेश गोस्वामी बब्लू रेढ़ू, रमेश भारद्वाज, महाबीर, संदीप गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### युवाओं ने पूर्व दुष्यंत चौटाला से की मुलाकात

**उचाना।** जेजेपी के पूर्व हलकाध्यक्ष रहे विश्ववीर काला नंबरदार की अगुवाई में जिले जींद के युवाओं ने पंचकूला में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से मुलाकात की। नंबरदार ने कहा कि दुष्यंत चौटाला की अगुवाई में जब जेजेपी सत्ता का हिस्सा थी तो हर वर्ग के लिए कार्य किए। जो-जो वायदे जेजेपी ने प्रदेश की जनता से किए उन वायदों को पूरा किया। चंडीगढ़ में प्रदेश के लोगों की सुनवाई के लिए दुष्यंत चौटाला हर समय मिलते थे। आज लोगों को दुष्यंत चौटाला की याद फिर से आने लगी है। प्राइवेट क्षेत्र में 75 प्रतिशत युवाओं को रोजगार का कानून बनाने के लिए दुष्यंत चौटाला ने जो प्रयास किए थे वो आज नहीं तो कल जरूर रंग लगाएंगे। 2029 में दुष्यंत चौटाला प्रदेश में युवा मुख्यमंत्री होंगे। किसानों को उनकी फसल का भाव नहीं मिल रहा है।

## नहीं हो पाया गर्भतवी महिलाओं का रजिस्ट्रेशन के बाद आरसीएच नंबर जनरेट

# एमपीएचडब्ल्यू की ऑनलाइन काम छोड़ हड़ताल से बढ़ी परेशानी

**यूविन पोर्टल पर ऑनलाइन काम नहीं होने से नहीं मिल पाए अभिभावकों को बच्चों के टीकाकरण के मैसेज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

एमपीएचडब्ल्यू की ऑनलाइन काम छोड़ हड़ताल के पहले ही दिन आमजन की परेशानियां बढ़ गई हैं। ऑनलाइन एंट्री न होने के चलते गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन के बाद आरसीएच नंबर नही मिल पाया। जिला में अल्ट्रासाउंड के लिए आरसीएच नंबर जरूरी किया गया है। इसके अलावा एमपीएचडब्ल्यू कर्मियों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे कई तरह के ऑनलाइन एप कार्यक्रमों एंट्री नही की। स्वास्थ्यकर्मियों ने साफ चेताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नही होती ऑनलाइन काम का बहिष्कार किया जाएगा। ऑनलाइन काम के बहिष्कार की जानकारी एमपीएचडब्ल्यू द्वारा पहले ही स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर स्वास्थ्य विभाग को करवा दी थी।

### ऑनलाइन एप पर काम करते हैं एमपीएचडब्ल्यू

एमपीएचडब्ल्यू वर्ग अनमोल, निश्चय, एमसीडी, निरोगी हरियाणा, यूविन, एनीमिया मुक्त भारत, आईएचआईपी, आशा पे एप और आभा कार्ड जनरेशन जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में अलग-अलग कर्मचारियों की नियुक्ति के बावजूद रिपोर्टिंग और डेटा अपलोड करते हैं।

**अनमोल एप :** - अनमोल एप पर गर्भवती का डाटा डाला जाता है। इसके बाद उसका रजिस्ट्रेशन होता है। रजिस्ट्रेशन के बाद ही आरसीएच नंबर जनरेट होता है। जिससे उसका अल्ट्रासाउंड हो पाता है। बिना आरसीएच नंबर के अल्ट्रासाउंड पर बैन है।

**एनसीडी :** एनसीडी के माध्यम से बीपी, शुगर व अन्य बीमारियों की जानकारी फीड की जाती है। इसकी भी एमपीएचडब्ल्यू ने एंट्री बंद कर दी है।

***यूवीन :*** यूवीन के माध्यम से बच्चों के टीकों को ऑनलाइन किया जाता है। इसमें बच्चे को टीका लगने से पहले और बाद में अभिभावक के मोबाइल नंबर पर जानकारी भेजी जाती है ताकि बच्चे किसी तरह के टीके से वंचित न रहें।

***आभा कार्ड :*** आभा कार्ड के माध्यम से पैशेंट की जानकारी फीड की जाती है ताकि उसे बार-बार जानकारी दर्ज न करवानी पड़े।






जींद। बैठक करते हुए एमपीएचडब्ल्यू। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व नोटिस अनुसार ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों पर कार्य ठप

बहुउद्धेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के राज्य प्रेस सचिव संदीप कुंडू ने कहा कि पूर्व नोटिस अनुसार 25 अक्टूबर शनिवार से ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों पर कार्य ठप कर दिया है। सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेही तय किए बगैर सारा ऑनलाइन कार्य एमपीएचडब्ल्यू वर्ग के कंधों पर डाल दिया गया था। उस विषय पर सरकार से बार-बार पत्राचार किया गया लेकिन कोई संज्ञान नहं लिया गया। जिसके चलते एसोसिएशन ने सरकार को सूचना देते हुए ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों के बहिष्कार का ऐलान किया था। इस ऐलान के बाद अनमोल पोर्टल, एनसीडी, यूवीन, आशा पे एप, आभा कार्ड, निक्षय पोर्टल, डिजीज सर्वेलेंसएएनीमिया मुक्त भारतएसुरक्षित नारी सुरक्षित परिवार पोर्टल सहित तमाम ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टल पर कार्य रोक दिया गया है। एसोसिएशन के राज्य महासचिव सहदेव आर्य ने बताया कि जबतक सरकार द्वारा पहले नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेही तय नही की जाती, अतिरिक्त कार्य के लिए मानव संसाधन ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं की जाती व जरूरी संसाधन लैपटॉप एटैबलेट व इंटरनेट की सुविधा नहीं दी जाती प्रदेशभर में ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों का बहिष्कार जारी रहेगा और आमजन को होने वाली परेशानी की पूर्ण जिम्मेदारी सरकार एवं विभाग की होगी।

### शनिवार को फिलहाल कोई असर नहीं रहा

एमपीएचडब्ल्यू द्वारा ऑनलाइन डाटा फीड का शनिवार को फिलहाल कोई असर नही रहा है। पूरी रिपोर्ट एक महीने में ही कंपाइल होती है। लगभग 200 एमपीएचडब्ल्यू हड़ताल पर थे। जब रिपोर्ट कंपाइल होगी, तभी पता चलेगा कि कोई काम प्रभावित हुआ है या -**डा. विजेंद्र ढांडा,** डिप्टी सीएमओ

***आईएचआईपी:*** आईएचआईपी ऐसा पोर्टल है, जहां भी कहीं बुखार, खसरा या अन्य बीमारी के मरीज मिलते हैं, उनकी जानकारी दर्ज की जाती है ताकि सीधे स्वास्थ्य मुख्यालय को रिपोर्ट हो। इसका फायदा यह होता है कि मुख्यालय को बीमारी से संबंधित जानकारी मिलती रहती है। अगर स्पेशल टीमों की जरूरत हो तो आर्गेनाइज करवाई जाती हैं।

***निक्षय पोर्टल :-*** निक्षय पोर्टल पर क्षय रोगी (टीबी) से संबंधित मरीजों की जानकारी फीड की जाती है।

## अपराधों पर सरकार का नियंत्रण नहीं

# हरियाणा में पूरी तरह से जंगलराज : रिषिपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- जनता में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त



कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर।

कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से चरमरा चुकी है और आज प्रदेश में जंगलराज जैसी स्थिति बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार अपराधों पर नकेल कसने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। जिससे जनता में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे अब खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हाल ही में अंबाला में एक रूसी पर्यटक से लूट, सोनीपत में पिता व पुत्र की हत्या और व्यापारी से लूट जैसी घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि केवल बड़े शहर ही नही बल्कि छोटे कस्बों और गांवों में भी अपराधियों का आतंक बढ़ गया है। जींद जिले में ही पिछले कुछ महीनों में दो दर्जन से अधिक हत्याएं हो चुकी हैं लेकिन पुलिस और प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि अपराधियों को कानून का कोई भय नहीं रह गया है। क्योंकि सरकार का ध्यान जनता की सुरक्षा पर नहीं बल्कि राजनीति और प्रचार पर केंद्रित है।

### जुमलेबाजी तक सीमित

उन्होंने कहा कि जनता को सुरक्षा और न्याय देने का दावा करने वाली सरकार जुमलेबाजी तक सीमित रह गई है। जबकि धरातल पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। जब आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस करने लगेए तो यह किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए सबसे बड़ी नाकामी होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, व्यापारियों, मजदूरों और किसानों के साथ अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं लेकिन शासन व प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग अब अपराध और अराजकता के दौर से गुजर रहे हैं। जहां पुलिस तंत्र का भय खत्म हो चुका है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर जनता की आवाज बुलंद करेगी और सरकार से जवाब मांगेगी कि आखिर प्रदेश में कानून व्यवस्था की ऐसी हालत क्यों हुई। हैबतपुर ने मांग की कि सरकार तुरंत अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाए। पुलिस तंत्र को मजबूत करे और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे।

## मंडी में धान की खरीद को लेकर गंभीरता से जिम्मेदारी निभाएं अधिकारी

**कैथल।** राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद डीसी प्रीति ने धान खरीद प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने डीएफएससी सहित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान की खरीद में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दूसरे राज्यों से यदि धान आ रहा है तो उसकी जांच के लिए संबंधित अधिकारी सड़कों पर निगरानी बढ़ाएं। जहां जरूरत हो, वहां नाके लगाकर धान की जांच करें। अनावश्यक किसानों को परेशान न करें, साथ ही यदि दूसरे प्रदेशों से नियमों का उल्लंघन करते हुए धान लाया जा रहा है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

# गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी मील का पत्थर

- भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मार्केट कमेटी पूंडरी चेयरमैन सुभाष ने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मार्केट कमेटी पूंडरी चेयरमैन सुभाष हजवाना ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के अन्नदाताओं को बड़ा तोहफा देते हुए गन्ने और गेहूं के समर्थन मूल्य में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि की है। मुख्यमंत्री ने गन्ने के समर्थन मूल्य में 15 प्रति क्विंटल और गेहूं के समर्थन मूल्य में 160 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की। यह निर्णय किसानों के लिए दिवाली से भी बड़ा उपहार साबित हुआ है। चेयरमैन सुभाष हजवाना ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित किसान मोर्चा के धन्यवाद समारोह में शामिल होकर लौटने के बाद पूंडरी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह कदम प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में ऐतिहासिक साबित होगा। भाजपा सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में अब तक कई बड़े निर्णय लिए हैं, जिसमें गन्ने के समर्थन मूल्य में 15 की वृद्धि, जिससे अब हरियाणा 415 प्रति क्विंटल की दर से गन्ना खरीदने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। गेहूं के समर्थन मूल्य में 160 प्रति क्विंटल की वृद्धि, जिससे किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा।

### सरकार 14 फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीद रही है

हरियाणा सरकार 14 फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदने वाला देश का पहला राज्य है। बीते 11 वर्षों में प्रदेश सरकार ने किसानों को रिकॉर्ड तोड़ मुआवजा प्रदान किया है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। किसानों को फसलों के उचित दाम, समय पर भुगतान और प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में मुआवजा देने में हरियाणा सरकार देशभर में उदाहरण पेश कर रही है।



जुलाना। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# सागर और किरण दौड़ में तो अक्षय और तनु लंबी कूद में रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

मेरा युवा भारत संस्था द्वारा जुलाना खंड में खेलों का आयोजन करवाया गया। जिसमें कबड्डी, लंबी कूद और दौड़ शामिल रही। जिसमें करीब 120 खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सोनिया इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन समुद्र लाठर ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेलों से खिलाड़ी का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। खेलों से खिलाडिय़ों में एक लीडर की गुणवत्ता आती है और समय के सदुपयोग और साथ में काम करने की भावना पैदा होती है। चंद्रशेखर आजाद युवा क्लब के प्रधान अजीत लाठर ने कहा कि मेरा युवा भारत द्वारा समय-समय पर ऐसे खेलों का आयोजन करवाया जाता है। जिसमें ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। दौड़ में सागर ने प्रथम तरुण ने द्वितीय और नकुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लंबी कूद में अक्षय ने प्रथमए अंकित ने द्वितीय और सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और कबड्डी में करसोला की टीम प्रथम तथा देवरड़ की टीम दूसरे स्थान पर रही। लड़कियों की लंबी कूद में तनु ने प्रथम अंतिम ने द्वितीय और किरण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और दौड़ में किरण ने प्रथम और तनु ने दूसरा और निधि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और कबड्डी में लुदाना की टीम कबड्डी में प्रथम स्थान, सोनिया इंटरनेशनल स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। नशा मुक्ति अभियान जींद के इंचार्ज नरेश कुमार ने युवाओं से अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने के अपील की और कहा कि युवा खेलों से जुड़े और नशे को छोड़ें साथ में उन्होंने बताया कि अगर आपके आसपास भी कोई नशा करता है या आपको नशे के लिए कोई प्रेरित करता है तो आप उनकी शिकायत हमें दे सकते हैं। प्रशासन के द्वारा पूरी मदद की जाएगी और नाम देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और। प्रतियोगिता मेरा युवा भारत के जुलाना ब्लॉक से स्वयंसेवक मोनू लाठर और ममता की देखरेख में संपन्न हुई।

# पांच दिन में पराली की गांठ बनाने की मशीन नहीं दी तो जलाएं पराली



जींद। बैठक में भाग लेते हुए किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

भारतीय किसान यूनियन ने प्रशासन व सरकार को चेताया है कि कि यदि पांच दिन में उनको पराली की गांठ बनाने की मशीन नहीं दी तो किसान पराली जलाने पर मजबूर हो जाएंगे। भाकियू ने यह चेतावनी रामराय गांव में नौगामा खाप चबूतरे पर हुई बैठक में दी। बैठक की अध्यक्षता भाकियू जींद के 21 गांव के प्रधान जयवीर राजपुरा भैण ने की। भाकियू के जिला प्रधान बिंदर नंबरदार ने कहा कि किसानों के पास पराली प्रबंधन का कोई उपाय नहीं है। प्रशासन व सरकार को चाहिए कि वह किसानों को पराली की गांठ बनाने की मशीन उपलब्ध करवाएए ताकि किसान पराली का प्रबंधन कर सकें। उन्होंने कहा कि किसानों को यदि पांच दिन में पराली की गांठ बनाने की मशीन उपलब्ध नहीं करवाई तो किसानों को मजबूरी में पराली को जलाना पड़ेगा।

## विदेश से पैसे भेजने के नाम पर हो रही साइबर ठगी से रहें सावधान : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



साइबर अपराधियों द्वारा आमजन को ठगने के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिनमें हाल ही में एक खतरनाक ट्रेंड सामने आया है। एसपी उपासना ने जानकारी देते हुए बताया की साइबर अपराधी विदेश में गए किसी परिचित या रिश्तेदार की फेसबुक, इंस्टाग्राम या अन्य सोशल साइट पर फर्जी प्रोफाइल तैयार कर लोगों से संपर्क करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि वह विदेश से भारत में पैसे भेज रहा है। जिस बारे वह अपनी फैमिली को नहीं बता सकता। जब वह वापिस आएगा तब आपसे पैसे ले लेगा। इस झांसे को और मजबूत करने के लिए ठग फर्जी बैंक अधिकारी बनकर पीड़ित को फोन कॉल करते हैं और कहते हैं कि आपके खाते में विदेश से पैसे आने हैं तथा यह केवल एक कन्फर्मेशन कॉल है। एसपी ने बताया की जब पीड़ित इस बहकावे में आ जाता है तो इसके बाद ठग अलग-अलग प्रकार की मजबूरी बताना शुरू कर देते हैं। कभी वे कहते हैं कि उनका वीजा समाप्त होने वाला है और इसके लिए तुरंत पैसे चाहिए, तो कभी किसी ट्रैवल एजेंट को पैसे देने की बात कहते हैं और उससे संपर्क करने के लिए मजबूर करते हैं। इसके साथ ही ठग यह भी विश्वास दिलाते हैं कि वे जो रकम भेज चुके हैं वह कुछ समय में आपके पास आ ही जाएगी, इसलिए आप अभी अपने पास से पैसे भेज दो और बाद में आने वाली रकम में से काट लेना। इस प्रकार की झूठी बातों और विश्वासघात के चलते कई लोग उनके बताए अनुसार पैसे भेज देते हैं और ठगी का शिकार बन जाते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## 2014 से छोटूराम किसान शिक्षा समिति पर लगा है प्रशासक

# जाट धर्मशाला में बैठक करके 11 सदस्यीय कमेटी का किया गठन

**मुख्यमंत्री से मिलकर चुनाव अधिकारी नियुक्त करने की होगी मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक करते हुए सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत। फोटो : हरिभूमि

जाट धर्मशाला में सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत मंच की बैठक सोमदत्त शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में छोटूराम किसान शिक्षा समिति का चुनाव करवाने पर चर्चा हुई। बैठक में सभी खाप प्रधानों ने कहा कि इस संस्था पर पिछले 11 सालों से प्रशासक लगा हुआ है। पहले कुछ अदालत में मामले होने के कारण चुनाव नहीं हो रहे थे। अब अदालत से मामले वापस ले लिए गए हैं तथा मतदाता सूची को भी सही कर लिया गया है। ऐसे में अब संस्था के चुनाव होने चाहिएं ताकि समाज का कोई व्यक्ति इसका प्रधान नियुक्त हो और संस्था सही तरीके से चले। बैठक में कहा गया कि यह एक एडिड संस्था है।

### स्थानीय प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर सकता

स्थानीय प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकता। इसलिए जल्द ही मुख्यमंत्री से मिल कर चुनाव अधिकारी लगवाकर चुनाव करवाए जाएंगे। इसके लिए पंचायत में 11 सदस्यीय कमेटी बनाई गई। यह कमेटी ही अब आगामी कार्रवाई करेगी। सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत मंच के प्रवक्ता उमेद सिंह जागलान ने कहा कि अब संस्था में किसी प्रकार की कोई कमी नही हैं, जो भी मतदाता सूची या अन्य चीजों को लेकर विवाद थेए वह अब खत्म हो चुके हैं। ऐसे में संस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए अब प्रधान समेत अन्य कार्यकारिणी का चुनाव करवाना जरूरी है। बैठक को माजरा खाप के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, कंडेला खाप प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, सूरजभान घसो, उझाना खाप के रोहताश, बलबीर सिंह चहल, बिजेंद्र सिंह मलिक, हरदीप सिंह दुहन, एडवोकेट रविंद्र सिंह ढांडा, बिनैण खाप से बलबीर सिंह अमरगढ़, कुंडू खाप से दिलबाग कुंडू, बूरा खाप से मास्टर रामचंद्र बूरा, खटकड़ खाप से हरिकेश खटकड़, नौगामा खाप प्रधान सुरेश बहबलपुर, बलराज कुंडू ने संबोधित किया। सभी ने जल्द से जल्द संस्था के चुनाव करवाने की बात पर जोर दिया।

### चार शिक्षण संस्थाएं चलाती हैं छोटूराम शिक्षा समिति

छोटूराम शिक्षा समिति शहर में चार शिक्षण संस्थाएं चलाती है। इनमें छोटूराम जाट किसान कालेज, छोटूराम जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, छोटूराम जाट कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा छोटूराम किसान आईटीआई हैं। शहर की यह बहुत बड़ी संस्थाएं हैं।

